हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला| अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

बम्हनी बंजर में तीन खाद्य प्रतिष्ठानों पर जुर्माना

मण्डला। सीएम हेल्पलाइन से संबंधित प्रकरण में 22 अक्टूबर 2026 को खाद्य सुरक्षा प्रशासन एवं नगर परिषद बम्हनी बंजर के संयुक्त दल द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान नीलम कॉफी हाउस से रसमलाई एवं सेव, अग्रवाल स्वीट्स एंड भोजनालय से खोवा तथा मेसर्स राखी अग्रवाल मिल्क प्रोडक्ट एंड डेली नीड्स से छेना के नमूने लिए गए। निरीक्षण में खाद्य पदार्थों के रखरखाव एवं साफ-सफाई में कमियां पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 32 के तहत नीलम कॉफी हाउस एवं अग्रवाल स्वीट्स एंड भोजनालय को सुधार सूचना पत्र जारी किए गए। वहीं, नगर परिषद द्वारा नीलम कॉफी हाउस पर 1 हजार रुपये, अग्रवाल भोजनालय पर 1 हजार रुपये तथा गुंजन स्वीट्स पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा निरीक्षण की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

निवास में प्रस्फुटन समिति शक्ति संचय प्रशिक्षण संपन्न

मण्डला। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में आदिवासी जनकल्याण विकास संस्थान निवास द्वारा ग्राम पंचायत मोहगांव में सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन समिति शक्ति संचय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती मंजू कुलस्ते मुख्य अतिथि तथा संभाग समन्वयक रवि बर्मन, विकासखंड समन्वयक सूरज बर्मन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में 5 ग्रामों की प्रस्फुटन समितियों के सदस्य एवं नवांकुर सखियों सहित 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

संवाद के माध्यम से किसानों और उद्यमियों को दी गई योजनाओं की जानकारी

निवास में आयोजित हुआ जनसंवाद शिविर

*** जनविश्वास अभियान के तहत नागरिकों से प्राप्त किए आवेदन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



जनविश्वास अभियान के तहत निवास में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, विधायक चैनसिंह वरकड़े एवं कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा उनसे आवेदन प्राप्त किए। जनसंवाद का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने के साथ शासन की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी जन-जन तक पहुँचाना रहा।

जनसंवाद के दौरान नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा गया।

शिविर को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम ने कहा कि जनविश्वास अभियान के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल की जा रही है। प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्यवाही करते हुए आमजन को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे जनसंवाद कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अपनी समस्याएं रखने और योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं।

विधायक श्री चैन सिंह वरकड़े ने कहा कि जनविश्वास अभियान आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है। जनसंवाद के जरिए लोगों को अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिलता है। संबंधित विभाग नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य करें तथा पात्र हितग्राहियों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएं।

कार्यक्रम में कृषक संवाद एवं उद्यमी संवाद का भी आयोजन किया गया। कृषक संवाद के माध्यम से किसानों को कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं, कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा उपलब्ध शासकीय सुविधाओं की जानकारी दी गई। वहीं उद्यमी संवाद के माध्यम से स्वरोजगार एवं उद्यम स्थापना से संबंधित योजनाओं और संभावनाओं के बारे में बताया गया, जिससे नागरिक शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आजीविका को सशक्त बना सकें।

इस दौरान उद्यानिकी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम, कृषि एवं श्रम विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने योजनाओं के उद्देश्य, पात्रता तथा उनसे मिलने वाले लाभों के संबंध में नागरिकों को अवगत कराया। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने और ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसर बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम सी.एल. वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

निवास में हुआ मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का आयोजन

देशभर में सरकार द्वारा आयोजित अभियान में आम जनता की सभी छोटी बड़ी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है, इस कड़ी में निवास के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित जन समस्या निवारण कार्यक्रम में जिले के सभी विभागों के आलाधिकारी उपस्थित रह कर पीड़ित लोगों की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया व कुछ मामलों को मंडला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये।

उक्त कार्यक्रम के पहले मंडला कलेक्टर द्वारा तहसील कार्यालय में विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई और लंबित प्रकरणों को समय पर निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. संजय कुशराम, निवास विधायक चैनसिंह बरकड़े, जनपद पंचायत अध्यक्ष मंजुरानी कुलस्ते, नगर परिषद अध्यक्ष हेमलता परस्ते, नगर परिषद उपाध्यक्ष बसंत चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष आकाश पांडे, जनपद सदस्य रॉबिन बड़गैयाँ सहित सभी विभागों के अधिकारी व सैकड़ों की संख्या में आमजन उपस्थित रहे।





खेत में मिला नाबालिग का शव, गले पर चोट के निशान



*** हत्या की आशंका के बीच पुलिस ने शुरू की जांच।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मंडला जिले के टिकरिया थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह नाबालिग बालिका का शव खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। बालिका के गले पर चोट के निशान मिलने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने पर टिकरिया पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव का पोस्टमार्टम नारायणगंज स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की टीम ने किया।

रात 10 बजे तक परिवार के साथ थी बालिका

पुलिस के अनुसार, बालिका बुधवार रात करीब 10 बजे तक परिवार के साथ घर पर थी। इसके बाद परिवार के लोग सो गए। सुबह उसका शव खेत में मिला। स्थानीय लोगों ने शव देखकर परिजनों और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

गले पर चोट के निशान, हर पहलू से जांच

निवास एसडीओपी पीएस वालरे के अनुसार, बालिका के गले पर चोट के निशान मिलने से मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है, ताकि पता लगाया जा सके कि बालिका घर से खेत तक किन परिस्थितियों में पहुंची।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगी मौत की वजह

पुलिस घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही है और मामले से जुड़े सुराग तलाश रही है। फिलहाल मौत की वजह स्पष्ट नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

*** निवास में कलेक्टर ने ली नगरीय क्षेत्र की समीक्षा बैठक।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने निवास में नगरीय क्षेत्र की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत कम वजन वाले बच्चों की पहचान एवं चिन्हांकन की समीक्षा की गई। इस कार्य में लापरवाही पाए जाने पर अमगांव एवं पिपरिया की सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विभागीय कार्यों में गंभीरता बरतने तथा पात्र बच्चों की समय पर पहचान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रूप से हर सप्ताह फील्ड विजिट करें एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करें।

बैठक में आजीविका संवर्धन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से लगभग 600 महिलाओं को मशरूम उत्पादन कार्य के लिए चिह्नित किया गया है। उत्पादित मशरूम को जबलपुर में विक्रय करने की योजना है, जिससे महिलाओं की आय में वृद्धि हो सकेगी और उन्हें स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और हितग्राहियों को समय पर लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना एवं वीबी-जी राम जी से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में निवास क्षेत्र के सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने शिकायतों के निराकरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम श्री सीएल वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनहित से जुड़े कार्यों में संवेदनशीलता के साथ करें दायित्वों का निर्वहन-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

जनविश्वास अभियान के तहत कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने निवास क्षेत्र के विभिन्न शासकीय संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक शाला गज्जूदेवरी, आंगनवाड़ी केंद्र गज्जूदेवरी, कस्तूरबा गांधी रमसा छात्रावास निवास तथा आमाडोंगरी पीडीएस दुकान का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शैक्षणिक गतिविधियों, बच्चों की उपस्थिति, शाला परिसर की साफ-सफाई एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए।

आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों को मिलने वाली पोषण सुविधाओं, केंद्र की व्यवस्थाओं एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक देखभाल पर विशेष ध्यान देने तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कस्तूरबा गांधी रमसा छात्रावास निवास के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री धोटे ने छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं, स्वच्छता, भोजन व्यवस्था एवं छात्राओं की आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने तथा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात कलेक्टर श्री धोटे ने आमाडोंगरी स्थित पीडीएस दुकान का निरीक्षण कर खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में समय पर राशन उपलब्ध कराने, खाद्यान्न के स्टॉक एवं वितरण संबंधी अभिलेखों का संधारण सुनिश्चित करने तथा वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।

संकल्प | सांई भक्त किशोर रजक के संकल्प का 26वां वर्ष पूर्ण।

नौ दिन मौन रहकर घर घर जाकर मांगी भिक्षा

*** विजयदशमी पर्व पर कराया गया भंडारा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





दशहरे के पावन अवसर पर जहां शहर में जगह-जगह धार्मिक आयोजन और भंडारे हुए वहीं रजक परिवार के साईं दरबार में आयोजित भिक्षा भंडारा अपनी अनोखी परंपरा और श्रद्धा के कारण आकर्षण का केंद्र रहा। साईंनाथ महाराज की भक्ति में रमे भक्त किशोर रजक पिछले 26 वर्षों से दशहरे के अवसर पर भिक्षा से प्राप्त सामग्री से भंडारा आयोजित करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी उन्होंने परंपरा को जारी रखते हुए अपने घर में स्थापित साईं दरबार में 26वें भिक्षा भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और साईंनाथ महाराज का प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि भंडारे में बनने वाले व्यंजनों के लिए सामग्री बाजार से खरीदकर नहीं, बल्कि भिक्षा के माध्यम से एकत्रित की गई सामग्री से तैयार की गई। साईभक्त किशोर रजक की मान्यता है कि साईंनाथ महाराज की कृपा से भिक्षा में जो सामग्री प्राप्त होती है उसी से भंडारे की पूरी व्यवस्था हो जाती है और कभी किसी चीज की कमी नहीं पड़ती। भक्त किशोर रजक की साईंनाथ महाराज के प्रति भक्ति का तरीका भी अपने आप में अलग है। दशहरे के आयोजन से पहले वे लगातार नौ दिनों तक मौन व्रत रखते हैं और इसी दौरान घर घर जाकर भिक्षा मांगते हैं। भिक्षा में श्रद्धालुओं द्वारा जो भी अनाज सब्जियां खाद्य सामग्री या अन्य सामग्री दी जाती है उसे सहेजकर दशहरे के दिन भंडारे में उपयोग किया जाता है। किशोर रजक के लिए यह केवल भंडारा नहीं बल्कि साईंनाथ महाराज के प्रति उनकी आस्था सेवा और समर्पण का माध्यम है। उनका कहना है कि भिक्षा मांगने का उद्देश्य किसी से कुछ लेना नहीं बल्कि लोगों को सेवा और साईं भक्ति से जोडऩा है। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में शहर के अनेक लोग भी अपनी श्रद्धानुसार सहयोग करते हैं। सुबह से ही साईं दरबार परिसर में चहल-पहल शुरू हो गई थी। जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ा श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ती गई। भंडारे की तैयारियों में परिवार के सदस्यों के साथ साईं भक्तों ने भी सेवा की। भक्त किशोर रजक ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उन्हें विश्वास था कि साईंनाथ महाराज की कृपा से भंडारे में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आएगी। भिक्षा से जितनी सामग्री प्राप्त हुई उसी से भोजन तैयार किया गया और हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन के दौरान साईं बाबा की पालकी साईं दरबार से नर्मदा नदी के तट तक निकाली गई। श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ पालकी यात्रा में शामिल हुए। नर्मदा तट पर पहुंचकर साईंनाथ महाराज की प्रतिमा का विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद नर्मदा नदी की आरती की गई। पालकी यात्रा के दौरान साईं भक्ति के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने साईंनाथ महाराज के दर्शन किए और नर्मदा तट पर पूजा-अर्चना में सहभागिता की। शाम करीब 5 बजे भक्त किशोर रजक ने ढोल-धमाकों के साथ साईं बाबा की मूर्ति का विसर्जन किया। विसर्जन से पहले विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही किशोर रजक ने अपना नौ दिवसीय मौन व्रत भी समाप्त किया। नौ दिन तक मौन रहकर भिक्षा मांगने के बाद दशहरे के दिन भंडारा कराना और फिर साईं बाबा की प्रतिमा का विसर्जन करना इस आयोजन की वर्षों पुरानी परंपरा का हिस्सा है। विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में साईं भक्त मौजूद रहे। साईं दरबार में पहुंचे हजारों धर्मप्रेमियों ने प्रसादी ग्रहण की।

लापता युवक का शव कुएं में मिला, तीन दिन से गायब था

*** परिजनों ने हत्या की जताई आशंका।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



मंडला के कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बिनैका से कटरा रोड के पास एक कुएं में युवक का शव मिला। मृतक की पहचान बिनैका निवासी 22 साल के गौरव चंद्रोल के तौर पर हुई है। गौरव 20 अक्टूबर से लापता था।

पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। गौरव के लापता होने पर परिजनों ने गुरुवार को कोतवाली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



मृतक के बड़े भाई दुर्गेश चंद्रोल ने बताया कि गौरव दशहरा घूमने निकला था। जब वह अगले दिन घर नहीं लौटा, तो उसकी तलाश शुरू की गई। दुर्गेश के मुताबिक, गौरव घर में 5 हजार रुपए मांग रहा था और उसका कुछ युवकों से पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद था।

दुर्गेश ने गौरव की मौत के पीछे इन युवकों का हाथ होने का शक जताया है। उन्होंने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही पता चल पाएगी।

खबर संक्षेप

पंचायत भवन के पास बनी हुई बगैर रैलिंग की टंकी बन सकती है बड़ी घटना का कारण

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। अक्सर देखा जाता है कि जब कोई बड़ी घटना घटित हो जाती है उसके बाद प्रशासन की आंखे खुलती है तब तक निश्चित ही किसी के घर का दीपक बुझ चुका होता है, यदि प्रशासन द्वारा समय रहते ही उस सच्चाई पर ध्यान दे दिया जावे तो निश्चित ही इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सकता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत ग्राम सिरसिरी में देखने मिली जहां पर बताया जाता है कि ग्राम सिरसिरी शासकीय ग्राम पंचायत भवन पास बनी हुई पानी टंकी की स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि जहां इस टंकी के ऊपर जाने वाले सिड्डी पर रूप से असुरक्षा के बीच खुली पड़ी हुई है। वहीं दूसरी ओर इन सिड्डियों पर किसी भी प्रकार की रैलिंग भी नही लगी हुई है, इस स्थिति में यहां पर आने वाले मासूम बच्चों को आये दिन इस टंकी की सिड़ियों पर चढ़ते हुये देखा जाता है, जिसके चलते यह अनुमान लगने से नही बच पा रहा है कि असुरक्षा के बीच खड़ी हुई यह पानी की टंकी किसी दिन बड़ी घटना का कारण बनने से नही चूक पायेगी? मगर प्रशासन के अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार से इस सच्चाई को नजर अंदाज किया जा रहा है उससे अनुमान लग रहा है कि शायद बड़ी घटना का जन्म होने के बाद ही अधिकारियों की कुम्भकर्णी निंद्रा भंग होगी।
फोटो क्रमांक -15 शिक्षण संस्था के पास असुरिक्षत खड़ी हुई पानी टंकी

मासूम पेट की खातिर चल रहे है रस्सियों पर शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर लग रहा प्रश्न चिन्ह?

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। जहां एक ओर शासन द्वारा बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए जिस प्रकार से योजनाएं चलाई जा रही है, यदि उन योजनाओं को सही रूप से अधिकारियों द्वारा अमली जामा पहनाये जाने लगे तो निश्चित तौर से मासूम बच्चों का भविष्य बदल सकता है? मगर जिस स्थिति में इस समय मासूम बच्चों को देखा जा रहा है उसे सच्चाई पर गौर किया जावे तो शासन द्वारा चलाई जा रही संपूर्ण योजनाओं पर प्रश्न चिन्ह लगता हुआ जान पड़ रहा है? वही दूसरी ओर शासन की योजनाओं का संचालन करने वाले अधिकारियों की कार्य करने की भूमिका सामने आने से नही चूक पा रही है? क्योंकि जिन बच्चों को इस उम्र में स्कूलों में जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहिए थी। वह मासूम बच्चें अपने पेट की खातिर रस्सी पर चलते हुए अपने जान को खतरे में डालते हुए देखे जा रहे है? इस बात की सच्चाई इस समय नगर में जहां तहां आसानी से देखने मिल सकती है जहां पर यह मासूम सर्कस नुमा नौटंकी का खेल दिखाते अपना पेट पालने के लिये मजबूर देखे जा रहे है? बताया जाता है कि बाहर से आये हुए कुछ लोगों द्वारा जहां लोगों का मनोरंजन करने तथा अपना व अपने बच्चों का भरण पोषण करने के लिए मासूम बच्चों को रस्सी पर चलाकर अनेक प्रकार के कर्त्तव्य दिखाये जा रहे है जिन्हें लोग देखते हुए जहां ताली बजाकर सबासी प्रदान कर रहे है।

खटारा बसों के भरोसे निजी स्कूलों में पहुंच रहे मासूम

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। जहां एक ओर शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा बच्चों को अनेक प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जा रही है। वही नगर में जहां तहां खुल रही शिक्षण संस्थाओं में भी सरकार द्वारा आदेश जारी किये गये है,कि वह अपनी संस्थाओं में 25 प्रतिशत ऐसे गरीब बच्चों को प्रवेश देवे जो अपनी फीस देने में सक्षम न हो,जिसमें इस योजना का सही तरह से प्रचार प्रसार नही होने के कारण अभिभावक एक ओर ध्यान ही नही दे पा रहे है,और जो लोग इस बात को समझ रहे है। वह जब निजी शिक्षण संस्थाओं में जाते है तो वहां के संचालकों द्वारा उन्हें गुमराह कर इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अनेक प्रकार की खानापूर्ति करने की बात को लेकर प्रवेश अधर में लटका देने से गरीब बच्चों को निजी शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश नही मिल पा रहा है...?

रंगारंग कार्यक्रमों के बीच शुभारभ हुई नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर 70 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

खेल के कुंभ में खेल की क्षमताओं का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ही जीत का केन्द्र बिंदु होता है- मंत्री सिंह





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। लगातार तीसरे वर्ष जिस तरह से शिक्षा विभाग द्वारा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेलों के आयोजन को लेकर शासन द्वारा गाडरवारा शहर का चुनाव किया गया है यह बड़े ही गौरव की बात है। क्योंकि क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के प्रयासों के चलते अब गाडरवारा शहर का नाम प्रदेश के साथ साथ देश के नक्से में भी अपनी एक अलग पहचान बनाते हुये दिखाई देने लगा है। इस तरह नगर के पुराने कॉलेज खेल मैदान पर 70 वी राज्य स्तरीय शालेय किक्रेट प्रतियोगिता 19 वर्ष आयु बालक वर्ग का भव्य शुभारंभ शुक्रवार की शाम 4 बजे क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिह की विशेष मौजदूगी तथा पूर्व राज्य सभा सांसद कैलाश सोनी के मुख्य आतिथ्य में रंगारंग कार्यक्रमों के बीच किया गया। ज्ञात हो कि प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह के प्रयासों से लगातार तीसरे साल 23 अक्टूबर से 27 अक्टूबर के बीच हो रहे इस भव्य आयोजन में प्रदेश के रीवा, शहडोल, जबलपुर, सागर, भोपाल, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर, इंदौर संभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग की बालक वर्ग की क्रिकेट टीमे सहभागिता कर रही है। नगर में अपने खेल का प्रदर्शन करने के लिये जब इन टीमों शहर में आगमन हुआ तो जनप्रतिनिधियों सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा मेहमानों की भांति भव्य स्वागत किया गया। शुक्रवार की शाम नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर 70 वी राज्य स्तरीय शालेय बालक वर्ग 19 आयु वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती पूजन से किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में प्रतिवेदन वाचन जिला शिक्षा अधिकारी नेमा ने प्रस्तुत करते हुए आयोजन से सबंधित जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मार्च पास्ट में नगर के केएम स्कूल व अन्य दलों ने किया गया। आयोजन के शुभारंभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शासकीय कन्या उ मा विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना नृत्य तथा अनुसूचित जाति छात्रावास के छात्राओं ने क्रीड़ा आधारित नृत्य की शानदार प्रस्तुति देते हुये सभी को मग्न मुग्ध कर दिया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता के कुंभ के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुये कहा कि हमारे प्रदेश के विभिन्न संभागों से टीमें यहाँ प्रतियोगिता में सहभागिता कर रही है जो कि प्रसन्नता की बात है। पूरे प्रदेश के विभिन्न संभागों की विविधता में एकता का साक्षात उदाहरण आज गाडरवारा में देखने मिल रहा हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खिलाड़ी यदि अपनी क्षमताओं का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे तो जीत मिलती हैं। यह अवसर बच्चों को प्रोत्साहित करने का हैं। हमारे नगर का इतिहास रहा है कि जब कोई मेहमान आता है तो उसके स्वागत के लिये कोई कसर नही छोड़ते है। इस बात का उदाहरण बीते हुये बीते हुये वर्षो में आयोजित हुई कबड्डी व व्हालीबाल प्रतियोगिता के आयोजन में देखी जा चुकी है। इसी प्रकार से इस राज्य स्तरीय आयोजन के बाद आने वाले माह 11 नम्बर से 17 नम्बर के बीच होने वाले राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में भी कोई कसर नही छोड़नी है। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा के पूर्व सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि हमारे प्रदेश की संस्कृति की झलक इस आयोजन मे देखने को मिल रही हैं। इस आयोजन मे सभी सहयोगी है क्योंकि हम सभी का उद्देश्य है कि गाडरवारा का नाम प्रदेश के साथ साथ पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान बनाये। इस दौरान उन्होंने कहा कि गाडरवारा मप्र की विशिष्ट नगरी हैं। आचार्य रजनीश का कर्म क्षेत्र यह शहर रहा हैं। यदि गौर किया जावे तो वर्तमान समय मे मोबाइल संस्कृति ने बच्चों को खेलो से दूर कर दिया हैं। मगर गाडरवारा क्षेत्र के लोगों का सौभाग्य है कि उनके जनप्रतिनिधि द्वारा खेल की दुनिया में यहां के लोगों को हर साल नये खेल के माध्यम से यहां के बच्चों को खेलों के प्रति जागरूकता लाने में कोई कसर नही छोड रहे है। क्योंकि इस तरह के आयोजनों के माध्यम से जब हमारे बच्चे बाहर से आने वाली टीमों के खेल प्रदर्शन को देखते है तो निश्चित तौर से उनके अंदर भी खेलों के प्रति रूझान पैदा होने के साथ काफी कुछ सीखने मिलता है। खेल मात्र एक मनोरंजन नही होते है बल्कि हमको बीमारियों से बचाने में सहायक होते है। गाडरवारा आयोजित होने जा रही इस प्रतियोगिता के माध्यम से खेलों को बढ़ावा मिला हैं जो कि शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमति साधना स्थापक ने भी अपने चित परिचत संबोधन के लिये अपनी एक अलग पहचान के साथ संबोधित करते हुये कहा कि निश्चित तौर से क्रिकेट खेल ने सिर्फ युवाओं के बीच ही नही बल्कि अब महिलाओं के दलों में भी अपनी एक अलग जगह बना ली गई है। जब देखा जाता है कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर हमारे महिला या पुरूष टीम किसी दूसरे देश के साथ क्रिकेट खेल रही होती है तो अपने घरों में महिलाये भी क्रिकेट प्रतियोगिता का आनंद उठाने में पीछे नही रहती है। बीते हुये वर्ष जिस तरह से हमारी महिला क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीतने के साथ देश का गौरव बढ़ाया गया था उसमें हमारे ही प्रदेश की बेटी क्रांति गौड़ भी शामिल थी। सही मायने में देखा जावे तो क्रिकेट प्रतियोगिता ने अब सभी के बीच अपनी एक अलग पहचान बना डाली है और हम नगरवासियों का बडा सौभाग्य है कि प्रदेश के शिक्षा मंत्री के प्रयासों के चलते हमें इस तरह किशोरों के बीच क्रिकेट देखने का अवसर मिल रहा है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमें बेहतर मैच देखने मिलेंगे एवं स्कूली प्रतिभाओ को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। वही इसके बाद नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने प्रतियोगिता शुभारंभ की घोषणा की गई। इस मौके पर कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक दीपक अग्निहोत्री एवं मनीष शंकर तिवारी ने किया गया। वही उद्घाटन कार्यक्रम मे पूर्व विधायक नरेश पाठक, अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अनीता ठाकुर, नगर परिषद सांईखेडा अध्यक्ष स्वाति/सचिन अग्रवाल,पूर्व नपा अध्यक्ष ममता पांडे, रविशेखर जायसवाल,उदय ठाकुर, ठाकुर राजीव सिंह,नवीन अग्रवाल,डॉ हरगोविंद पटैल, पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया, घन श्याम राजपूत,भूपेंद्र ठाकुर,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, राव संदीप सिंह, प्रियांक जैन, विक्रांत पटैल, स्मृति जैन, पूजा तिवारी, कीरत सिंह पटैल, चीचली भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव, सुरेश मामूलिया, दिग्विजय राजपूत सहित जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र नागेश, संयुक्त संचालक जबलपुर संभाग अरुण इंगले, एसडीएम प्रगति वर्मा, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, नव नियुक्त उप पुलिस अधीक्षक शुभम ठाकुर, नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान के आलवा ब्लाक शिक्षा अधिकारी सीमा डोंगरे, वीरेंद्र राजपूत, बीआरसी डी के पटेल, संदीप स्थापक, प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या, एस के मिश्रा, सहित गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचार के आलवा अलग अलग संभागों से आई हुई क्रिकेट टीमों के खिलाड़ी व उनके अधिकारी मौजूद थें।

माँ दुर्गा की शक्ति को नमन...जगत जननी के आशीर्वाद से भक्त कर लेते हुये त्रिशूल आर पार



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जब किसी व्यक्ति के पैर में जरा सा कांटा लग जाता है तो उसका कई दिनों तक चल पाना भी मुश्किल हो जाता है तो दूसरी ओर जब बीमारी के दौरान डाक्टरों द्वारा मरीज को इंजेक्शन लगाया जाता है तो उसकी भी दहशत रहती है..? मगर वही दूसरी ओर माँ दुर्गा की शक्ति इस तरह से होती है कि उनके भक्तों को जब भाव आते है तो वह माँ भगवती का नाम लेकर एक भारी भरकम त्रिशूल को अपने गाल के आर पार करने से नही चूकते है तो दूसरी ओर अनेक भक्तो को लोहे की कीलों से बनी हुई पटली पर नंगे पैर खड़े होकर नृत्य करते हुये तक देखा जाता है। कुछ इसी तरह की सच्चाई इस समय नगर सहित क्षेत्र के गांवों में शारदेय नवरात्र के दौरान स्थापित किये जबारों में विसर्जन के दौरान देखने मिल रही है। वैसे तो अधिकांश जगहों पर दुर्गा प्रतिमाये व जबारों का विसर्जन मंगलवार व दूसरे दिन बुधवार को हो गया है। वही क्षेत्र में कुछ जगहों पर स्थापित किये गये जवारों का विसर्जन कार्यक्रम तीसरे दिन भी चलते हुये देखा गया। इस तरह नगर में लोगों द्वारा अपनी मन्नते पूर्ण होने के चलते घरों में स्थापित किये जवारों का विसर्जन करने के लिये प्रतिदिन नगर की सड़को से जुलूस निकलते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर जुलूसों में शामिल पंडा लोगों द्वारा जिस तरह अपने गाल से लेकर जीभ में त्रिशुल आर पार करते हुये नृत्य करते हुये देखा जाता है तो निश्चित तौर लोगों के दिलों में माँ दुर्गा की शक्ति को नमन करने से नही चूकते है..। क्योंकि दुनियों में माँ भगवती से बढ़ी दूसरी शक्ति नही होती है और उनकी शक्ति का प्रभाव इस तरह से रहता है कि भक्त लोग लोहे की कील पर खड़े होने के बाद भी माँ अपनी भक्तों को दर्द का अहसास नही होने देते है। इस तरह इस समय चल रहे जवारा विसर्जन के दौरान शहरों से लेकर गांव गांव देखने मिल रहा है जहां पर माताराणी की भक्ति में लीन भक्तों द्वारा अनोखा प्रदर्शन करने से नही चूक रहे है।

लगातार बढ़ रही महंगाई व बेरोजगारी के चलते पेट की खातिर बच्चों को नाली के पास सुलाने मजबूर



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। कहा जाता है कि पेट के लिये हर व्यक्ति कोई भी कार्य करने के लिए मजबूर हो जाता है। क्योंकि लगातार बढ़ रही महंगाई तथा बेरोजगारी के चलते लोगों को अपने बच्चों का पेट पालना मुश्किल होने से नही चूक रहा है और हाल यह बना हुआ है कि वह अपने बच्चों का पेट करने के लिये कोई भी कार्य करने के लिये तत्पर रहने से नही चूक रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों नवरात्र के दौरान भी देखने मिली है। क
योंकि हर साल देखा जाता है कि शारदेय नवरात्र को लेकर छोटी दुकाने लगाने वालों को इस नवरात्र का काफी दिनों से इंतजार रहता है कि वह नवरात्र के दुकान शहर की सड़को पर अपनी दुकाने लगाते हुये रोजी रोटी चलाने के साथ आने वाली दीवाली की तैयारिया भी कर लेगे। बारिश के दिनों में सभी प्रकार के कार्यक्रमों पर ब्रेक से लग जाता है। इस स्थिति के बीच छोटी दुकानों के माध्यम से अपने बच्चों का पेट पालने वाले इन दुकानदारों को नवरात्री पर्व महत्वपूर्ण बनने से नही चूकता है। क्योंकि वह लोग इसके भरोसे ही उनकी रोजी रोटी की उम्मेद टिकी होती है। मगर इस वर्ष महंगाई जिस तरह से अपना कहर वर्षा रही है उसका असर निश्चित ही इन छोटी दुकाने लेकर आये हुये लोगों की रोजी रोटी प्रभावित करने से नही चूक रहा है। उसी के चलते नगर सहित क्षेत्र के गांवों के अनेक छोटे छोटे दुकानदार चार पैसा कमाने की सोच रखते हुए रात के समय सड़क किनारे दुकाने लगाने से नही चूक रही है? क्योंकि प्रतिवर्ष देखा जाता है कि इन दुकानदारों की उम्मीद रहती है कि नवरात्र के दौरान वह अपनी दुकानों से विक्री करते हुये बच्चों का पेट भरने तथा दीवाली की तैयारियों के चलते चंद पैसा कमा लेगे, जिसके चलते इस समय गांवों से आने वाले दुकानदारों द्वारा नगर की सड़को के किनारे दुकान लगाई जा रही है जो देर रात तक अपने मासूम बच्चों को लेकर सड़क किनारे बैठकर ग्राहकों की इंतजार करते हुये देखे जा रहे थे। इन दुकानदारों के साथ आने वाले मासूम बच्चों को नीद आने के कारण वह सड़क किनारे अपनी दुकानों के पीछे ही सुला देते है जिसके चलते इन मासूम बच्चों को नालियों की मच्छरों का शिकार तो होना ही पड़ता है। मगर मासूम बच्चे मच्छरों की परवाह किये बगैर ही देर रात तक सोते हुये दिखाई देने से नही चूक रहे है। इसे कहते है कि एक गरीब के पेट की भूख मिटाने के लिये वह कुछ भी करने के लिए मजबूर हो जाता है?

गाडरवारा उप पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया IPS अधिकारी शुभम ठाकुर



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। उप पुलिस अधीक्षक पर पदस्थ ललित सिंह डागुर का भोपाल पुलिस मुख्यालय तबादला होने के चलते अब यहां के नये उप पुलिस अधीक्षक के रूप में आईपीएस के लिये सिलेक्ट हुये शुभम ठाकुर को एसडीओपी गाडरवारा की कमान सौपी गई है। बताया जाता है कि यह उनकी प्रशिक्षण अवधि मानी जावेगी। इस तरह शुक्रवार को उप पुलिस अधीक्षक गाडरवारा का पदभार ग्रहण करने के पूर्व ठाकुर द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना से भेंट कर गाडररवारा अनुविभाग क्षेत्र की जानकारी व मार्गदर्शन प्राप्त किया गया। ज्ञात हो कि गाडरवारा पुलिस अनुविभाग के अंतर्गत गाडरवारा के आलवा समीपस्थ चीचली, डोगरगांव, सांईखेड़ा पुलिस थानों सहित सालीचौका व सिहोरा पुलिस चौकी आती है। इस प्रकार से गाडरवारा अनुभाग में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधों की प्रभावी रोकथाम पर विशेष जोर रहेगा। वही नागरिकों की सुरक्षा, पुलिस व्यवस्था को प्रभावी बनाने तथा पुलिस के प्रति जनविश्वास सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य करने पर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने मार्ग दर्शन में जोर दिया। बताया जाता है कि भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के वर्ष 2023 बैच के अधिकारी शुभम ठाकुर ने अनुविभागीय अधिकारी है। नव नियुक्त उप पुलिस अधीक्षक शुभम ठाकुर के पदभार ग्रहण करने के साथ ही गाडरवारा अनुभाग में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, अपराध नियंत्रण तथा नागरिकों को बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

पंचायत द्वारा लाखों की राशि से खरीदा गया कचरा वाहन बना शोभा की सुपारी, उपयोग नहीं होने से कबाड़ में तब्दीली की ओर अग्रसर



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकार द्वारा स्वच्छता को लेकर जिस तरह शहरों के साथ साथ ग्राम पंचायतों में राशि खर्च की जा रही है। यदि उस राशि का पंचायतों द्वारा सही उपयोग किया जावे तो निश्चित तौर से गांवों की सूरत बदलने में देर नही लगेगी। मगर पंचायत स्तर के जन प्रतिनिधियों में कार्य करने के प्रति रूचि नही होने का परिणाम है कि जहां सरकार की धन राशि तो खर्च हो रही है। मगर इसके बाद भी लोगों को गंदगी व परेशानियों से जूझते हुये देखा जा रहा है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सहावन में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि पंचायत द्वारा लोगों के घरों से कचरा एकत्र करने के लिये लगभग ढ़ाई लाख रूपया की राशि से लगभग दो माह पहले एक कचरा गाड़ी की खरीदी की गई थी। मगर वहां पर देखा जा रहा है कि यह खरीदा गया कचरा वाहन नई नबेली दुल्हन की तरह मात्र शोभा की सुपारी बनकर रह गया है। इस वाहन को लेकर आमजन का आरोप है कि पंचायत सचिव की मनमानी के चलते इस वाहन का उपयोग नही होने के कारण नया वाहन खुद ही शोभा की सुपारी बनकर कबाड़ में तब्दील होने की ओर अग्रसर होने से नही चूक पायेगा...? वही लोगों का कहना है कि यदि इस वाहन का पंचायत की स्वच्छता के लिये उपयोग ही नही करना था तो फिर शासकीय राशि क्यों खर्च की गई...? जबकि देखा जावे तो पंचायत के अंदर जहां जगह जगह कचरे के ढेरों का अम्बार लगा हुआ है तो दूसरी ओर सड़को पर फैल रही गंदगी के बीच लोगों का सांस लेना दुभर होने से नही चूक रहा है। मगर पंचायत की उदासीनता कही जावे या मनमानी का परिणाम के चलते ग्रामवासियों को परेशानियों के साथ साथ बीमारियों की चपेट में आने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है।

आरोपी के पास से सांईखेड़ा पुलिस द्वारा जप्त किया गया स्मैक पावडर

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा द्वारा जिस तरह से सारी दुनिया में अपनी एक अलग ही पहचान बनाई हुई है। मगर कुछ समय से देखा जा रहा हे कि यहां पर पुलिस की उदासीनता कही जावे या फिर जिन हाथों में क्षेत्र की सुरक्षा के लिये बागडोर सौपी गई है उनके अनुभव हीनता का परिणाम है कि अब साईखेड़ा क्षेत्र में मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर इजाफा होने के चलते युवा पीढ़ी बर्बाद होने से नही चूक रही है..? मादक पदार्थो के अवैध कारोबार को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक डा. ऋषिकेश मीना पूर्णरूप से सख्त नजर आ रहे है। मगर थानों की बागडोर संभालने वालों द्वारा इस अवैध कारोबार को लेकर बरती जा रही उदासीनता तथा अपने परिष्ठ अधिकारियों के आदेशों के परिपालन के लिये की जाने वाली कार्यवाही के नाम पर औपचारिकता परिणाम है कि इस तरह के अवैध कारोबार क्षेत्र में लगातार जोर पकड़ने से नही चूक रहे है..? क्योंकि बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के दौरान एक युवक से पांच ग्राम स्मैक जप्त करते हुये भले ही सफलता हासिल कर ली गई है। मगर इस कार्यवाही से यह तो उजागर हो चुका है कि अब मादक पदार्थो के इस अवैध कारोबार से सांईखेड़ा क्षेत्र अछूता नही रहा है और इस अवैध कारोबार पर सख्ती से अंकुश लगाना है तो निश्चित तौर से इस क्षेत्र की बागडौर किसी निष्ठावान स्तर के अधिकारी के हाथों में होने की जरूरत महसूस की जा रही है..? इस तरह बीते हुये दिवस सांईखेड़ा पुलिस द्वारा मादक पदार्थो के खिलाफ की गई कार्यवाही के चलते बताया जाता है कि पुलिस द्वारा नगर सांईखेड़ा ही निनवासी रोहित कुमार उर्फ पिद्दा पिता हर नारायण काछी निवासी खिरका मुहल्ला के पास से 5 ग्राम स्मैक पावडर जप्त किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सहित ए एस आई रफी अहमद, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र कुशवाहा, आरक्षक शिवम पटैल, धमेन्द्र सिंह, बाल बिहारी रघुवंशी, सैनिक रूपेश श्रीवास व महिला आरक्षक कुमुद पाठक की अहिम भूमिका बताई जाती है।

पुराने बस स्टेन्ड के पास पुलिया के ऊपर लगने वाली दुकानें यातायात को कर रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। यह बात अलग है कि प्रशासन द्वारा नगर में हर वर्ष अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई जाती है। मगर इस मुहिम का परिणाम इस प्रकार से देखने मिला है कि प्रशासन द्वारा सिर्फ छोटे मोटे लोगों को हटाते हुए बड़े प्रभावशाली लोगों को जिस प्रकार से अभयदान दिया जाता है कि उसके चलते न तो नगर को अतिक्रमण से मुक्ति मिल पा रही है और न ही नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार देखने मिल रहा है। क्योंकि अतिक्रमण के चलते खाली होने वाली भूमि को भी प्रशासन द्वारा सुरक्षित करने में बरती जाने वाली कोताही का परिणाम है कि अतिक्रमणकारी चंद दिनों बात उस स्थल पर पुनः अपना कब्जा जमाने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के पुराना बस स्टेन्ड के पास देखने मिल रही है, जहां पर मुख्य मार्ग सहित सड़क के आसपास हुये अतिक्रमण का परिणाम है कि इस क्षेत्र में आये दिन जाम की स्थिति निर्मित होने से आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है। इतना ही नही इस क्षेत्र में यदि अतिक्रमण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो कुछ लोगों द्वारा नाली पर तक पक्का निर्माण करते हुए अपना कब्जा जमा लिया गया है, जिसके चलते बताया जाता है कि उनके पास पट्टा है। मगर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि क्या नाली के ऊपर निर्माण करने के लिए पट्टा प्रदान किया जा सकता है जो जांच का विषय बना हुआ है? वही दूसरी ओर इस क्षेत्र में अनेक जगहों पर अधूरे पड़े हुये निर्माण कार्य जहां अभी आम लोगों के लिये परेशानी का कारण बनते हुये देखे जा रहे है तो फिर बारिश के दिनों में क्या हाल होगा इसका अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है?

खबर संक्षेप

जिला प्रभारी मंत्री आज आएंगे उमरिया

उमरिया। प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान 24 अक्टूबर को प्रातः 8.30 बजे इंदौर बिलासपुर एक्सप्रेस ट्रेन व्दारा उमरिया पहुंचेगे तथा प्रातः 8.40 बजे सर्किट हाउस में आम जनों से भेंट करेंगे। श्री चौहान स्थानीय कार्यक्रमो मे शामिल होने के उपरांत सायं 4.30 बजे ट्रेन द्वारा इंदौर रवाना हो जायेंगे।

अमरकंटक में ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

अमरकंटक। पवित्र नगरी अमरकंटक में आयोजित ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। शुभारंभ समारोह में पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को एवं शांति कुटी आश्रम के महामंडलेश्वर रामभूषण दास महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती पार्वती उईके, जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय, जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस आशुतोष सिंह मार्को, अमरकंटक के प्रतिष्ठित व्यवसायी ओमप्रकाश अग्रवाल एवं रंजीत सिंह नंदू, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष जितेन्द्र खांडे सहित अनेक नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके साथ ही पार्षद पवन तिवारी, दिनेश द्विवेदी, देवेन्द्र जैन, समीर मानिकपुरी, श्रीमती सुनीता सिंह, श्रीमती मीनू मरावी, वरिष्ठ पत्रकार एवं युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह भी समारोह में शामिल हुए। ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष बिरू तंबोली ने की। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना, खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा क्षेत्र में खेल के प्रति रुचि और उत्साह को प्रोत्साहित करना है। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल को अनुशासन, एकता, आपसी भाईचारे और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इस आयोजन से अमरकंटक सहित आसपास के क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

ब्यौहारी में रावण दहन कार्यक्रम संपन्न

ब्यौहारी। नगर परिषद के अंतर्गत रावण दहन कार्यक्रम की 21/10/26 अक्टूबर को स्टेडियम में भव्य समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शरद कोल विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री कृष्ण गुप्ता राजन, संतोष कुमार शुक्ला उपस्थित थे कार्यक्रम नगर परिषद की ओर से आयोजित किया गया केसरी कला परिषद के एक से बढ़कर एक कार्यक्रम ने लोगों के बीच में समा बांध दिया राम रावण का संवाद भी हुआ जिसमें राम के चरित्र को आवाज दी विजय प्रधान ने और रावण के चरित्र को आवाज दिया अमृतलाल गुप्ता ने मां दुर्गा मां काली आदि की झांकी भी निकली गई राम रावण के युद्ध के बाद भगवान राम ने रावण का संघार किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि रावण के अंत में बता दिया है कि अन्याय अत्याचार चाहे जितना भी शक्तिशाली हो वह सत्य से जीत नहीं सकता तभी तो तीनों लोक के स्वामी को साधारण वनवासी राम ने वानर एवं भालूओ की सेना लेकर हरा दिया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अर्चना मिश्रा एसडीएम, ऋषभ छारी एसडीओपी, शिवांगी पांडे मुख्य नगर पालिका अधिकारी, अंकिता पांडे नायब तहसीलदार, चंद्रकली पटेल उपाध्यक्ष, पार्षद गण, भाजपा मंडल अध्यक्ष, अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन पुष्पेंद्र चतुर्वेदी राजस्व निरीक्षक एवं चंद्रभान गुप्ता जन शिक्षक ने किया रावण दहन कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीणों , नगरजनों सहित 10000 लोग कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

हवाई पट्टी का उन्नयन प्रस्ताव पर कोई कार्यवाही नहीं हुई

शहडोल। संभाग के अंतर्गत हवाई सुविधा के प्रस्ताव पर शासन विभाग द्वारा कि किसी प्रकार की कोई कार्यवाही आज तक नहीं हो पाई। कांग्रेस के नेता लवकेश गर्ग लवकेश गर्ग ने बताया की लालपुर एयरपोर्ट का उन्नयन प्रस्ताव शहडोल जिला मुख्यालय से लगा हुआ लालपुर हवाई अड्डा है लेकिन जिला प्रशासन और विमानन विभाग द्वारा लालपुर हवाई पट्टी का उन्नयन प्रस्ताव पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

जनविश्वास शिविर में सांसद-विधायक ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

पाकर बर्घरा में आयोजित शिविर में अधिकांश आवेदनों का मौके पर निराकरण







डिंडौरी।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान-2026 के तहत शुक्रवार को विकासखंड डिंडौरी की ग्राम पंचायत पाकर बर्घरा में जनविश्वास शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे और कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने तथा प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए।शिविर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, वनमंडलाधिकारी अशोक कुमार सोलंकी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

आंगनवाड़ी में 41 दर्ज बच्चों में एक भी उपस्थित नहीं

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र नरिया सेंटर, नूनखान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में दर्ज 41 बच्चों में से एक भी बच्चा उपस्थित नहीं मिला। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता केंद्र में मौजूद थीं, जबकि सहायिका के पिछले 15 दिनों से अनुपस्थित रहने की जानकारी सामने आई।कलेक्टर ने बच्चों की अनुपस्थिति और सहायिका के लगातार केंद्र नहीं आने को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यकर्ता एवं सहायिका के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत नरिया में पंचायत भवन निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। निर्माण की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने और गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पंचायत भवन निर्माण में अनियमितता, सचिव के निलंबन और सरपंच से वसूली के निर्देश कलेक्टर ने ग्राम गणेशपुर में नवनिर्मित पंचायत भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य से संबंधित लगभग 40 लाख रुपये की राशि सरपंच और सचिव द्वारा निकाले जाने के बावजूद निर्माण में अनियमितता का मामला सामने आया।कलेक्टर ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए सचिव भागवत प्रसाद यादव के निलंबन की कार्रवाई करने तथा सरपंच अमर सिंह पट्टा से राशि वसूली और नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम पंचायत पाकर बर्घरा में निर्माणाधीन पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और आवश्यकतानुसार जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

स्व-सहायता समूहों के उत्पादों का अवलोकन

जनविश्वास शिविर स्थल पर महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार स्थानीय उत्पादों और विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। सांसद, विधायक एवं कलेक्टर ने स्टॉलों का अवलोकन किया तथा समूह की महिलाओं से उनके उत्पादों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और महिलाओं के स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तीकरण के प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया।विभिन्न विभागों के स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गई। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें से अधिकांश आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एकजुट होकर शिविरों में उपस्थित रहें और आमजन की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनविश्वास शिविर जनसुनवाई का प्रभावी माध्यम है, जहां नागरिक अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं।उन्होंने अभियान के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने, आमजन को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने और प्रत्येक पात्र हितग्राही तक लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। साथ ही अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों पर समय-सीमा में कार्रवाई कर नागरिकों को राहत प्रदान करने का आह्वान किया।शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का उद्देश्य शासन-प्रशासन को आमजन के बीच पहुंचाकर उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करना है। ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसी उद्देश्य से गांवों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में कोई भी पात्र हितग्राही शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इनका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण करना और पात्र नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ सहजता से उपलब्ध कराना है।उन्होंने ग्रामीणों से शिविरों में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी लेने और पात्रतानुसार आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों पर निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।शिविर के दौरान कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों और ग्रामीणों को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई। उपस्थितजनों ने स्वस्थ, जागरूक और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया।

स्वामित्व योजना से 5,807 हितग्राही लाभान्वित

जिले में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के तहत अब तक जिले के 5,807 हितग्राही लाभान्वित हो चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वामित्व योजना से संबंधित कार्यों के साथ पटवारियों द्वारा ई-केवाईसी और फार्मर आईडी बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। इसके माध्यम से ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने और राजस्व संबंधी प्रक्रियाओं को सुगम बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।शिविर के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। संबंधित विभागों ने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने तथा पात्रतानुसार लाभ उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी की।

झनकी के साप्ताहिक बाजार में बेकाबू चार पहिया वाहन ने लोगों को रौंदा

एक की मौत चार घायल, हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने वाहन में लगाई आग





डिंडौरी। जिले के गोपालपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झनकी में शुक्रवार देर शाम साप्ताहिक बाजार के दौरान भीषण सड़क हादसा हो गया। कथित तौर पर लापरवाही से चलाए जा रहे चार पहिया वाहन ने बाजार में मौजूद लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में ग्राम सहजना निवासी एक ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अनियंत्रित वाहन ने एक दुकान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को ग्राम झनकी में साप्ताहिक बाजार लगा हुआ था। देर शाम बाजार में लोगों की आवाजाही के दौरान एक चार पहिया वाहन भीड़ में घुस गया। वाहन की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना में एक ग्रामीण की मौत होने और चार लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। हालांकि, हादसे के कारणों और घायलों की स्थिति को लेकर विस्तृत जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है।

आक्रोशित ग्रामीणों ने वाहन में लगाई आग

घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने दुर्घटना में शामिल वाहन को आग के हवाले कर दिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। देर रात तक क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। हालात को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल को गांव के लिए रवाना किया गया।पुलिस अधीक्षक आशीष खरे ने बताया कि उन्होंने एसडीओपी को घटनास्थल पर भेजा है। इसके अलावा आसपास के थानों से भी पुलिस बल मौके पर भेजा जा रहा है, ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके और कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके।घटना के बाद सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। पुलिस अधिकारियों को लोगों को समझाने और स्थिति सामान्य करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर हालात संभालने के प्रयास में जुटी है।

ग्राम घानाघाट में सांसद निधि से निर्मित सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण



डिंडौरी।

मंडल डिंडौरी अंतर्गत ग्राम घानाघाट में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण माननीय सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम जिला महामंत्री सुधीर दत्त तिवारी मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य मंडल महामंत्री तरुण ठाकुर द्वारा किया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सामुदायिक भवन ग्रामवासियों के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। भवन के निर्माण से ग्रामीणों को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही, यह भवन ग्राम के विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।क्षेत्र में जनसुविधाओं के विस्तार एवं सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण विकास और जनकल्याण के कार्य प्राथमिकता में हैं, ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिल सके।

समनापुर व्यापारी संघ की नई कार्यकारिणी गठित, मदन मोहन राय बने अध्यक्ष



डिंडौरी। समनापुर मुख्यालय स्थित मां कल्याणी मंदिर दरबार में गुरुवार को व्यापारी संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नई व्यापारी समिति का गठन किया गया, जिसमें मदन मोहन राय को अध्यक्ष तथा दिनेश ठाकुर को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।नवगठित कार्यकारिणी में मनोज केशवानी को सचिव, राम नरेश राजपूत को सहसचिव, दीपक राय को कोषाध्यक्ष और राजेश केवट को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। वहीं, राजेंद्र शुक्ला एवं सुशील साहू को व्यापारी संघ का संरक्षक बनाया गया। समिति में भुवनेश्वर पड़वार और लखन बर्मन को विशेष सदस्य के रूप में शामिल किया गया।बैठक में क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर व्यापारियों ने चिंता व्यक्त की। इस संबंध में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी को लिखित सूचना देकर घटनाओं पर अंकुश लगाने और त्वरित कार्रवाई करने की मांग की गई। व्यापारियों ने कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना आवश्यक है, ताकि व्यापारियों और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना बनी रहे।व्यापारी संघ ने नगर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा प्रमुख स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए प्रशासन से आवश्यक कदम उठाने की अपील की। बैठक में क्षेत्र की अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की गई और उनके शीघ्र निराकरण के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया गया।नवगठित व्यापारी समिति ने व्यापारियों के हितों की रक्षा करने, स्थानीय समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाने तथा नगर की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान 24 अक्टूबर से होगा शुरू, जिला टोली गठित

डिंडौरी।



भारतीय जनता पार्टी जिला डिंडौरी की बैठक शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। दीप प्रज्ज्वलन के साथ बैठक का शुभारंभ हुआ। बैठक में 24 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान की तैयारियों, कार्यक्रमों की रूपरेखा और कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। अभियान के सुचारु एवं प्रभावी संचालन के लिए जिला टोली का भी गठन किया गया।बैठक में शाहपुरा विधायक एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम तथा भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने अभियान के उद्देश्यों और प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी दी।

लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता पर जोर

शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि लोकतंत्र देश की संवैधानिक व्यवस्था की आधारशिला है। लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक मर्यादाओं और कानून के शासन का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विचारों की असहमति को शांतिपूर्ण संवाद और संवैधानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से व्यक्त किया जाना चाहिए।उन्होंने बताया कि अभियान के माध्यम से आम नागरिकों, युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को लोकतंत्र की गरिमा एवं संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने और जनसंपर्क के जरिए इसके संदेश को व्यापक स्तर तक पहुंचाने का आह्वान किया।एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की जागरूकता और सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने संवाद, सहमति-असहमति और संवैधानिक मर्यादाओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए युवाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों तक अभियान का संदेश पहुंचाने पर जोर दिया।

पदयात्रा, प्रेस वार्ता और युवा संवाद होंगे आयोजित

भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों, कार्यकर्ताओं की सहभागिता और जनसंपर्क गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पदयात्रा, प्रेस वार्ता, वरिष्ठ नागरिकों के साथ संगोष्ठी तथा महाविद्यालयों में युवा संवाद आयोजित करने की कार्ययोजना तैयार की गई।इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक मर्यादाओं, शांतिपूर्ण संवाद और जनजागरूकता से जुड़े विषयों पर समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्यक्रमों के बेहतर संचालन और कार्यकर्ताओं के बीच जिम्मेदारियों का समन्वय सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई।बैठक में जिला महामंत्री लक्ष्मण ठाकुर एवं सुधीर दत्त तिवारी, बद्री प्रसाद साहू, जिला उपाध्यक्ष दिलीप ताम्रकार, जयसिंह राजपूत, प्रीतम मरावी, राजेंद्र दुबे, शोभित मरावी, जिला मीडिया प्रभारी राज साहू, आईटी सेल संयोजक राहुल पांडे तथा जिला मंत्री मालती तिवारी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इसके अलावा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कीर्ति गुप्ता, एससी मोर्चा अध्यक्ष परशुराम नागेश, एसटी मोर्चा अध्यक्ष संदीप टेकाम, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार मोगरे, शाहपुरा मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती, सक्का मंडल अध्यक्ष अनिल साहू, अमरपुर मंडल अध्यक्ष आकाश नामदेव, डिंडौरी मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य एवं विक्रमपुर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र मरावी भी बैठक में शामिल हुए।बैठक में सहमीडिया प्रभारी मनोज यादव, अजय बर्मन, जनपद अध्यक्ष करंजिया राजू उद्दे, मंडल महामंत्री भागीरथ उरेती, कुलदीप नंदा, बबलू गौतम, संतोष मार्को, ओंकार ठाकुर, अविनाश छाबड़ा, नाथूराम, अंकित कुमार झरिया, उदय भान, मंगल सिंह परस्ते, सुशील यादव, चमरू यादव सहित अन्य पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठ संयोजक, जिला अभियान टोली के सदस्य और जिला कार्यसमिति के सदस्य मौजूद रहे।बैठक में अभियान के सभी कार्यक्रमों को व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने, कार्यकर्ताओं के बीच दायित्वों का समन्वय बनाने और जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से अभियान को व्यापक स्तर तक पहुंचाने पर सहमति व्यक्त की गई।

उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन



डिंडौरी। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के सौजन्य से महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय की परीक्षाओं के निर्धारित कार्यक्रम के कारण यह आयोजन 23 अक्टूबर 2026 को किया गया।कार्यक्रम संयोजक शिक्षक जितेंद्र कुमार दीक्षित ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस 22 दिसंबर को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। रामानुजन का जन्म 22 दिसंबर 1887 को तमिलनाडु में हुआ था। उन्होंने संख्या सिद्धांत, पाई के मान की गणना के लिए श्रेणी सूत्रों तथा गणित की अनेक महत्वपूर्ण प्रमेयों के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने प्रोफेसर जी. एच. हार्डी के मार्गदर्शन में इंग्लैंड के कैमब्रिज विश्वविद्यालय के ट्रिनिटी कॉलेज में शोध कार्य भी किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्राचार्य उपासना चौबे ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन, उनके संघर्ष और गणित के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को गणित की वर्तमान समय में उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा कि गणित दैनिक जीवन, विज्ञान, तकनीक और विभिन्न क्षेत्रों की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।आयोजन के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए रंगोली, चित्रकला, भाषण एवं गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षिका लतिका डेनियल, हंशा तेकाम, पुरुषोत्तम कुशराम, लखन गौतम, नीतू सिंह रघुवंशी, प्रेरणा शुक्ला एवं अरबाज खान सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि विकसित करना तथा महान गणितज्ञों के योगदान से उन्हें प्रेरित करना रहा।

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

10

जबलपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

खबर संक्षेप

श्रीमती सुक्को बाई मेहरा का निधन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस मुंगवानी निवासी श्रीमती सुक्को बाई मेहरा का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप सेवानिवृत शिक्षक हाकम सिंह मेहरा, सेवानिवृत जनपद पंचायत सीईओ मूंगाराम मेहरा, फूलसिंह मेहरा प्राचार्य पीएम श्री शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मुंगवानी एवं जालम सिंह मेहरा की माताजी थीं। वे सरल, सहज एवं मृदुभाषी स्वभाव की थी तथा परिवार के साथ सभी के प्रति स्नेह और आत्मीयता रखती थीं। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जहां पर समाज के सभी वर्गों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

दहेज प्रताड़ना व पति को छिपाने का आरोप, एस पी से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस थाना क्षेत्र करेली की कविता मेहरा ने ससुराल पक्ष पर पति राकेश मेहरा को छिपाकर रखने और दहेज के लिए प्रताड़ति करने का आरोप लगाया है। महिला के मुताबिक, 23 सितंबर को विवाद के बाद पति बिना बताए चला गया था। उसने एसपी से पति की तलाश कराने और संबंधित लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। कविता की शादी 12 मई 2019 को हुई थी। उनका आरोप है कि शादी के बाद से पति और ससुराल वाले मोटरसाइकिल, वॉशिंग मशीन और एक लाख रुपए नकद मांग रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान किया गया। महिला ने बताया कि 2023 में भी शिकायत की थी। इसके बाद परिवार परामर्श केंद्र में सुनवाई हुई और समझाइश दी गई, लेकिन विवाद जारी रहा। बाद में वह पति और बच्ची के साथ करेली में किराए के मकान में रहने लगी। आरोप है कि पति अपनी मां, बहन और बड़े भाई के कहने पर उनके साथ मारपीट करता था। महिला के मुताबिक, 23 सितंबर 2026 को विवाद के बाद पति बिना बताए चला गया। उसके वापस नहीं आने पर करेली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। बाद में महिला को पता चला कि पति को ग्राम मोहद में छिपाकर रखा गया है। उसने यह भी आरोप लगाया कि पति घर खर्च के लिए पैसे नहीं देता था। कविता मेहरा ने एसपी से पति की तलाश कराने, मामले की जांच करने और संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

कड़ाबीन गन, धमाका पाइप पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। दीपावली से पहले जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने कड़ाबीन गन, धमाका पाइप और कड़ाबीन आधारित आतिशबाजी उपकरणों पर प्रतिबंध लगा दिया है। जारी आदेश के तहत इन उपकरणों के निर्माण, भंडारण, परिवहन, प्रदर्शन, खरीद-बिक्री और इस्तेमाल पर रोक रहेगी। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। कैल्शियम कार्बाइड और पानी के मिश्रण से इन उपकरणों में तेज धमाका होता है। इनके फटने से आंखों की रोशनी जाने, चेहरे और त्वचा पर गंभीर चोट लगने के साथ जान-माल के नुकसान का खतरा रहता है। नियम तोड़ने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत ऑनलाइन और ऑफलाइन बिक्री पर भी रोक लगाई गई है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 सहित अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की जावेगी।

मोतियाबिंद ऑपरेशन 4 को तेंदूखेड़ा में

तेंदूखेड़ा। आगामी 4 नबम्बर को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के द्वारा निशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन का आयोजन आजाद पेलेस कठोतिया तिगड्डा तेंदूखेड़ा में किया जा रहा है। जिसमें नेत्र रोगियों की जांचें आपरेशन लेंस प्रत्यारोपण काला चश्मा दवाईयां आवास भोजन की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी।

जन संवाद शिविर में ग्रामीणों को मिल रहीं सेवाएं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर





। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जन संवाद शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव में ही उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें छोटे-छोटे कार्यों के लिए तहसील, जनपद एवं अन्य शासकीय कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। जन संवाद शिविर में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनते हैं और जिन प्रकरणों का निराकरण तत्काल संभव है, उनका मौके पर ही समाधान करते हैं। अन्य प्रकरणों को सूचीबद्ध कर समय-सीमा में निराकरण की कार्रवाई की जाती है। शिविरों के माध्यम से आधार संबंधी सेवाएं, समग्र ई-केवाईसी, फार्मर आईडी, स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य, स्वास्थ्य परीक्षण एवं विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। यह बात कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को जिले की जनपद पंचायत चावरपाठा की ग्राम पंचायत हीरापुर (ककरा) में आयोजित जन संवाद शिविर में कही। जन संवाद कार्यक्रम में हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित किया।

बहुफसली खेती से बढ़ाएं किसानों की आय

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने किसानों को खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए परंपरागत फसलों के साथ फल एवं सब्जियों की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसान अपनी भूमि का बेहतर उपयोग करते हुए बहुफसली खेती (मल्टी क्रॉपिंग) अपनाएं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो और खेती में जोखिम भी कम हो। उन्होंने कहा कि किसान गेहूं, मूंग, उड़द जैसी परंपरागत फसलों के साथ नींबू एवं अन्य फलदार पौधे लगाएं तथा पौधों के बीच उपलब्ध भूमि में सब्जियों का उत्पादन करें। इससे फलदार पौधों के उत्पादन देने योग्य होने तक सब्जियों के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित की जा सकती है। किसान अपनी आवश्यकता के लिए सब्जियां उगाने के साथ उनका विक्रय कर भी आमदनी बढ़ा सकते हैं। प्राकृतिक खेती अपनाएं, उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें।

स्वरोजगार व आत्मनिर्भर बनने का अवसर

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, उद्योग एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों के माध्यम से स्वरोजगार से जुड़ी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पात्र हितग्राही संबंधित विभागों से जानकारी प्राप्त कर नियमानुसार ऋण एवं अनुदान जैसी सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं। इन योजनाओं से ग्रामीणों को अपना व्यवसाय शुरू करने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और परिवार की आय में वृद्धि करने में सहायता मिल सकती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे जन संवाद शिविर में पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का अधिकतम लाभ लें। शिविर के माध्यम से प्रशासन का प्रयास है कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही हो तथा शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में अनावश्यक परेशानी न हो।

हितग्राहियों को हितलाभों का हुआ वितरण

कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। स्वामित्व योजना के तहत प्रफुल्ल राजपूत, दीनदयाल लोधी, दशरथ ब्राह्मण, विशाल लोधी, राजेश कटारे व सुरेश विश्वकर्मा को निःशुल्क रजिस्ट्री वितरित की गई। इसके अलावा 12 स्व सहायता समूह की महिलाओं को 54 लाख 50 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत बलराम गुड़ उद्योग एवं दाल पैकेजिंग के लिए इंद्रकुमार मालवीय को 8 लाख रुपये, ठाकुर राघवेन्द्र सिंह को मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना और श्रीमती उर्मिला ठाकुर को 10 प्लस एक बकरी इकाई योजना और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत पूजा जाटव को लाभांवित किया गया। साथ ही टीबी मरीजों को उनके पोषण के लिए फूड बास्केट का भी वितरण किया गया। विभिन्न विभागों के स्टॉलों से ग्रामीणों को मिली योजनाओं की जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद कर परखा शैक्षणिक स्तर



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने शासकीय विद्यालय हीरापुर में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों से संवाद कर उनके शैक्षणिक स्तर एवं विषयों की समझ का जायजा लिया। इस दौरान विद्यालय में विज्ञान विषय का अध्यापन कराया जा रहा था। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से विज्ञान के विभिन्न विषयों पर सवाल पूछकर उनकी समझ को परखा और कठिन अवधारणाओं को आसान भाषा में समझाया। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने विद्यार्थियों से हृदय की गतिविधियों एवं उसके कार्य करने की प्रक्रिया के संबंध में प्रश्न पूछे। साथ ही प्रिज्म किस प्रकार कार्य करता है और प्रकाश के संदर्भ में इसकी क्या भूमिका है, इस बारे में भी जानकारी चाही। उन्होंने विद्यार्थियों को इन विषयों को सरल तरीके से समझाते हुए पढ़ाई के दौरान अवधारणाओं को स्पष्ट रूप से समझने पर जोर दिया। इस दौरान छात्रा रिषिका ने पूछे गए सवालों के जवाब दिए।

तालाब में मिला किशोर का शव



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। थाना क्षेत्र स्टेशनगंज क्षेत्र के महमदपुर गांव से लापता हुए किशोर का शव तालाब में मिला। किशोर 21 अक्टूबर की शाम दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के बाद लापता हो गया था। पुलिस ने पहले अपहरण का मामला दर्ज किया था। शुरुआती जांच में डूबने की आशंका बताई गई। जबकि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगी। सचिन पिता चैन सिंह मेहरा गांव के दुर्गा उत्सव मंडल में माता भगवती की सेवा कर रहा था। 21 अक्टूबर को प्रतिमा विसर्जन के बाद शाम करीब छः बजे वह अचानक लापता हो गया। परिजनों ने तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। इसके बाद शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 137 (2) के तहत अपहरण का मामला दर्ज किया। 23 अक्टूबर को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे सचिन का शव उसी तालाब में मिला, जहां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ था। स्टेशनगंज थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग पंचनामा तैयार शव का परीक्षण कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

जहरीली वस्तु के सेवन से अधेड़ की मौत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली के ग्राम ग्वारी में अधेड़ द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि गेंदालाल उर्फ गिंदु नौरिया उम्र 48 वर्ष पिता मुन्ना लाल नौरिया निवासी गवरी थाना कोतवाली नरसिंहपुर सत्यपाल लोधी के खेत में काम कर रहा था तभी अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु के सेवन कर कर लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

खेलते समय रोटरवेटर में दबा किशोर

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली के ग्राम देवरी कला में घर पर खेलते समय रोटवेटर में दब गया। पुलिस ने बताया कि लोकेश पिता दीपक पटेल उम्र 15 साल निवासी देवरी कला अपने घर पर खेल रहा था तभी रोटावेटर में दब कर घायल हो गया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

सेंट्रल बैंक शाखा नये भवन में स्थानांतरित क्षेत्रीय प्रबंधक ने फीता काट कर किया शुभारंभ



तेंदूखेड़ा। विगत दिवस सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की तेंदूखेड़ा शाखा अपने नये भवन में स्थानांतरित हो गई है।जिसका क्षेत्रीय प्रबंधक सागर क्षेत्र कुंदन कुमार ने फीता काट कर शुभारंभ किया।इस मौके पर राजेश कुमार भानुप्रताप सिंह मुख्य प्रबंधक तरुण कुमार धन प्रसाद पटेल वरिष्ठ प्रबंधक अमी दुबे प्रबंधक सहित सम्मानित ग्राहक बीसी एवं बैंक स्टाप बड़ी संख्या में उपस्थित रहा।इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक ने ग्राहकों को भरोसा दिलाया कि बैंक सदैव सुलभ सेवाओं के लिए तत्पर है।

कलेक्टर एवं एसपी ने किया गौशाला का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना ने संयुक्त रूप से विकासखंड चावरपाठा के ग्राम हीरापुर में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जन संवाद शिविर के हीरापुर गौशाला का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने गोवंशों के स्वास्थ्य, उनके लिए उपलब्ध भूसा-चारा एवं पेयजल सहित गौशाला में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने गौशाला में गौवंशों के समुचित रखरखाव, उनके स्वास्थ्य एवं नियमित देखभाल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में गोबर से दीये, गौकाष्ठ एवं वर्मीकम्पोस्ट तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि गौवंशों के संवर्धन एवं बेहतर प्रबंधन के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएं।

इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन एवं सुपरिंटेंडेंट ऑफ स्टाम्प्स और कलेक्टर ने तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा





तेंदूखेड़ा। शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन एवं सुपरिंटेंडेंट ऑफ स्टाम्प्स श्री आलोक कुमार सिंह आईएएस और कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं साफ सफाई दवा वितरण व्यवस्था एवं मरीजों को प्रदान की जा रही चिकित्सा सेवाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में नवीन भवन निर्माण की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। यहां नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण प्रस्तावित है। इसके लिए चिन्हांकित की गई भूमि का अवलोकन किया गया तथा पीआईयू विभाग द्वारा तैयार किए गए भवन के ड्राइंग का भी निरीक्षण किया। नवीन भवन का निर्माण पूर्ण होने पर यहां 50 बिस्तरीय अस्पताल की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के लिए स्टाफ क्वार्टर का निर्माण भी किया जाएगा। इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा तथा नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। निरीक्षण के दौरान श्री आलोक कुमार सिंह ने अस्पताल में साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने यहां की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इसके पश्चात कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने दवा वितरण केंद्र पहुंचकर उपलब्ध दवाइयों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार के लिए आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि मरीजों को समय पर दवाइयां मिल सकें और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए आए मरीजों से चर्चा कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने आज की ओपीडी की स्थिति की भी जानकारी प्राप्त की तथा मरीजों को बेहतर उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की नियमित काउंसलिंग पर जोर

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि चिकित्सक स्वयं ऐसी महिलाओं से संपर्क कर उनसे चर्चा करें और उनकी नियमित काउंसलिंग करें। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी रखी जाए तथा आवश्यकता के अनुसार समय पर उचित उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थाओं में सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया जाए। गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं।

भगवान दास साहू 'भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर रत्न' से सम्मानित



भेड़ाघाट। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संगम द्वारा नगर परिषद सभागार, भेड़ाघाट में आयोजित कार्यक्रम में साहू समाज उत्थान मंडल के अध्यक्ष एवं ऑल इंडिया बैकवर्ड क्लासेस फेडरेशन के तहसील अध्यक्ष भगवान दास साहू को 'भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर रत्न' सम्मान से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजमणि पटेल, डिंडोरी विधायक ओंकार सिंह मरकाम तथा ऑल इंडिया बैकवर्ड क्लासेस फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आर.पी. साहू ने भगवान दास साहू को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।भगवान दास साहू को मिले इस सम्मान पर साहू समाज उत्थान मंडल एवं पेंशनर समाज के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। सदस्यों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे समाज के लिए गौरव का विषय बताया।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद कर परखा शैक्षणिक स्तर



तेंदूखेड़ा। शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने शासकीय विद्यालय हीरापुर में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों से संवाद कर उनके शैक्षणिक स्तर एवं विषयों की समझ का जायजा लिया। इस दौरान विद्यालय में विज्ञान विषय का अध्यापन कराया जा रहा था। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से विज्ञान के विभिन्न विषयों पर सवाल पूछकर उनकी समझ को परखा और कठिन अवधारणाओं को आसान भाषा में समझाया।कलेक्टर श्रीमती सिंह ने विद्यार्थियों से हृदय की गतिविधियों एवं उसके कार्य करने की प्रक्रिया के संबंध में प्रश्न पूछे। साथ ही प्रिज्म किस प्रकार कार्य करता है और प्रकाश के संदर्भ में इसकी क्या भूमिका है, इस बारे में भी जानकारी चाही। उन्होंने विद्यार्थियों को इन विषयों को सरल तरीके से समझाते हुए पढ़ाई के दौरान अवधारणाओं को स्पष्ट रूप से समझने पर जोर दिया इस दौरान छात्रा रिषिका ने पूछे गए सवालों के जवाब दिए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी सवाल का जवाब देने से पहले उसे अच्छी तरह समझना जरूरी है। सवाल को ध्यानपूर्वक पढ़ें उसका आशय समझें और फिर सोच समझकर उत्तर दें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को इस सीख को आत्मसात करना चाहिए। जिससे उनकी विषयों पर पकड़ मजबूत होगी और वे आत्मविश्वास के साथ सवालों के जवाब दे सकेंगे। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से गंगा नर्मदा और ब्रह्मपुत्र नदियों के संबंध में भी प्रश्न पूछे। उन्होंने विज्ञान के साथ-साथ अन्य विषयों की जानकारी रखने और नियमित अध्ययन करने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

डाइट टीम ने किया माध्यमिक विद्यालय छत्तरपुर का औचक निरीक्षण



तेंदूखेड़ा। विगत दिवस डाइट नरसिंहपुर की टीम द्वारा शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय छत्तरपुर का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों विद्यार्थियों की उपस्थिति कक्षा संचालन मध्याह्न भोजन एफएलएन बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान तथा शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

विद्यार्थियों के कक्षावार नामांकन एवं उपस्थिति शिक्षकों के अध्यापन कार्य अभ्यास पुस्तिकाओं के संधारण तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर का जायजा लिया गया। साथ ही शिक्षण कार्य को अधिक प्रभावी बनाने एवं विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता में सुधार लाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।टीम ने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन करते हुए आवश्यक अभिलेखों की भी जांच की तथा नियमित रूप से शैक्षणिक कार्यों के संचालन पर जोर दिया।